# सखी महिला स्वच्छता गृह महिलाओं के आत्म सम्मान की सुरक्षा करेगा : रहाटकर

**बीकानेर,**(कासं)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर नगर निगम परिसर में आयोजित समारोह के दौरान दो सखी महिला स्वच्छता गृह (पिंक बस) महिलाओं को समर्पित किए। इस अवसर पर रहाटकर ने फीता काटकर सखी महिला स्वच्छता गृह का लोकार्पण किया तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सहित अन्य अतिथियों के साथ अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनके प्रति सम्मान और सुरक्षा के भाव एवं कार्य जरूरी है। इसे ध्यान रखते हुए बीकानेर में नगर निगम द्वारा किए गए प्रयास अनुकरणीय है। सखी महिला स्वच्छता गृह महिलाओं के आत्म सम्मान की सुरक्षा के साथ उनमें गर्व के भाव पैदा करेगा। बीकानेर में हुआ यह प्रयास प्रदेश और देश के लिए मिसाल के रूप में लिया जायेगा। उन्होंने इसके लिए सुशीला कंवर राजपुरोहित के प्रयासों और महापौर के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

रहाटकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता की इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाया। आज गांव-गांव में महिलाओं के लिए सुविधाओं को विकास हुआ है। शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए ऐसे नवाचारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन पिंक बसों के माध्यम से धात्री महिलाओं को स्तनपान करवाने की सुविधा मिलेगी। वहीं सेनेट्री नेपकिन भी




**बीकानेर में राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर ने सखी महिला स्वच्छता गृह ( पिंक बस ) का लोकार्पण किया।**

इसके माध्यम से उपलब्ध होगा। उन्होंने महिला आयोग के कार्यों के बारे में बताया।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वच्छता और शौचालय निर्माण के क्षेत्र में क्रांति आई है। बीकानेर में नगर निगम द्वारा इसकी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि यह स्वच्छता गृह साफ-सुथरे और स्वच्छ रहें यह सुनिश्चित किया जाए। ऐसे कार्यों में व्यापारिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आगे आने का आव्हान किया। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में जिले में अनेक कार्य हुए हैं। आने वाले दो-तीन वर्षों में इसे और अधिक गति दी जायेगी तथा विकसित राजस्थान की तर्ज पर विकसित बीकानेर की संकल्पना को साकार किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि महापौर के तौर पर महपौर सुशील कंवर ने जनसेवा के नए आयाम स्थापित किए। इन प्रयासों को हमेशा याद रखा जायेगा। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा कि बीकानेर द्वारा किया गया नवाचार सभी जगह होगा तो महिलाओं को लाभ मिलेगा।

बीकानेर (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र विधायक सिद्धि कुमारी ने कहा कि भीड़ भाड़ वाले जिन क्षेत्रों में महिलाओं के लिए स्थायी शौचालय बनाने योग्य स्थान नहीं है। वहां ये पिंक बसें बेहद लाभदायक साबित होंगी। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि शहरी क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के साथ शहर को नशे और जुएं से मुक्त करवाना भी बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए सामाजिक संगठन आगे आएं। सुशीला कंवर राजपुरोहित ने महापौर के तौर पर पांच वर्षों तक किये गए कार्यों और उपलब्धियों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने आमजन

- **इन पिंक बसों के माध्यम से धात्री महिलाओं को स्तनपान करवाने की सुविधा मिलेगी**
- **दो सखी महिला स्वच्छता गृह (पिंक बस) महिलाओं को समर्पित**

की भावनाओं और शहर की आवश्यकताओं के मद्देनजर पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करने का प्रयास किया। महिलाओं के लिए पिंक बसें उपलब्ध करवाना उनका सर्वोच्च लक्ष्य था, जिसे हासिल करना अच्छी उपलब्धि है। उन्होंने पार्षदों और निगम के कार्मिकों का आभार जताया और कहा कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान निगम कार्मिकों द्वारा किये गए सेवा कार्यों को हमेशा याद रखा जायेगा। उन्होंने पिंक बसों की विशेषताओं के बारे में बताया।

विजय आचार्य ने कहा कि गत पांच वर्ष में निगम बोर्ड का कार्यकाल सर्वश्रेष्ठ रहा। अविनाश जोशी ने कहा कि निगम का यह प्रयास महिलाओं की गरिमा के संरक्षण के साथ स्वरोजगार के द्वार खोलेगा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, उपायुक्त यशपाल आहूजा मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर सिंह राजपुरोहित ने किया।

## संविधान की शपथ दिलाई

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मूल कर्तव्यों का वाचन भी किया गया।

भारत रत्न डॉ बी.आर.अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर याद किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में विद्या मंडप के सामने स्थित संविधान पार्क में कार्यवाहक कुलसचिव राजेन्द्र कुमार खत्री ने विश्वविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई। साथ ही मूल कर्तव्यों का पठन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ अरूण कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए उसका पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय के एक्ट की पालना भी सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को करनी चाहिए। सभी विद्यार्थी अपने प्रति जवाबदेह व जिम्मेदार बनें। साथ ही दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिक, शिक्षक, स्टूडेंट्स, नॉन टीचिंग स्टाफ सब मिलकर विश्वविद्यालय की उन्नति में लगे हैं। आप सबके सहयोग से ही विश्वविद्याालय आगे बढ़ा है और आगे बढेगा। वित्त नियंत्रक व कार्यवाहक कुलसचिव राजेन्द्र कुमार खत्री ने कहा कि भारत के लोगों के लिए आज का दिन अति गौरवशाली और महत्व का दिन है। दुनियां का सबसे बड़ा लिखित संविधान हमारे देश का है। साथ ही कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर गर्व है। अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश ने भारतीय संविधान पर विस्तृत जानकारी दी।

## सार-समाचार

### राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।**

**बीकानेर,** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मंगलवार सायं नाल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पहुंचने पर बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी, संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण कुमार, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित, एसडीएम कविता गोदारा, चम्पालाल गेदर, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के विजय खत्री, मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, गुमान सिंह, सांगीलाल गहलोत ने उनकी अगवानी की। इस दौरान राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### पूर्व मंत्री गोविंदराम धरने में शामिल




**सादुल स्पोर्ट्स स्कूल के खिलाड़ियों के धरने में पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने शिरकत की।**

**बीकानेर,** (कासं)। सादुल स्पोर्ट्स स्कूल में खेल और खिलाड़ियों की व्यवस्थाओं की विभिन्न मांगों को लेकर क्रीड़ा भारती के बैनर तले काफी दिनों से चल रहे धरना स्थल पर पूर्व कैबिनेट मंत्री और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल पहुंचे। कांग्रेस संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि उन्होंने धरनार्थियों का मांग पत्र पढ़कर भूख हड़ताल पर बैठे खिलाड़ियों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए जिला कलेक्टर को दूरभाष पर सम्पर्क कर कहा कि श्री सार्दुल स्पोर्ट्स स्कूल की दुर्दशा पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए धरनार्थियों की सभी मांगों पर त्वरित समाधान करावें। उन्होंने कहा कि समय रहते मांगें पूरी नहीं की गई तो बड़ा जनान्दोलन किया जायेगा।

### दौड़ प्रतियोगिता 29 को



**दौड़ प्रतियोगिता के पोस्टर विमोचन समाजसेवी डॉ. अर्पिता गुप्ता ने किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। स्पोर्ट फिटनेस डिफेंस ग्रुप द्वारा शहर में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। दौड़ प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन समाजसेवी डॉ. अर्पिता गुप्ता के सानिध्य में किया गया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को भाग लेना चाहिए। दौड़ सबसे उत्तम व्यायाम है और इससे शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रहता है। ग्रुप के चेयरमैन व कोच पुखराज मेघवाल ने बताया आगामी 29 नवम्बर को प्रतियोगिता करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित की जायेगी जिसको दो वर्ग में अंडर 14 ओर आबोव 14 में विभाजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल, डॉ. अर्पिता गुप्ता के साथ सदर थाना सी आई कुलदीप चारण, डॉ दिनेश चौहान आईपीएस विशाल को भी पोस्टर के साथ बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया गया। ग्रुप सचिव बबलू सिंह राठौड़ ने कहा इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गैजेट से दूर रखना व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

### संगीत कार्यक्रम कल

**बीकानेर,** (कासं)। अमन कला केन्द्र द्वारा 28 नवम्बर को दोपहर 3:00 से 6:00 तक अपना घर वृद्ध आश्रम वृंदावन एनक्लेव कॉलोनी में वृद्ध भाईयों को खुशी प्रदान करने के लिए एक फिल्म संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष एम. रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम में बीकानेर के जाने-माने गायक कलाकार अपने गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

# सादुल स्पोर्ट्स स्कूल में भूख हड़ताल ने जोर पकड़ा

**बीकानेर,** (कासं)। सादुल स्पोर्ट्स स्कूल में व्याप्त अनियमितताओं और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ क्रीड़ा भारती के नेतृत्व में पूर्व खिलाड़ियों की भूख हड़ताल सोमवार को आठवें दिन भी जारी रही।

- **भूख हड़ताल पर बैठे खिलाड़ियों ने म्यूजियम सर्किल पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जिसे स्थानीय नागरिकों, खेल संघों और संस्थाओं का समर्थन मिला**

स्कूल के छात्रों ने सोमवार को स्कूल से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और म्यूजियम सर्किल पर हस्ताक्षर अभियान शुरू कर अपनी मांगों के लिए समर्थन मांगा। कलेक्टर को स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्कूलों की खराब स्थिति और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ नाराजगी जताई।

छात्रों ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब उन्होंने प्रशासन से मदद की अपील की है। इससे पहले भी वे कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। एक छात्र ने कहा कि हमने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन हर बार हमें अनसुना किया गया। इस बार हम मुख्यमंत्री से न्याय की अपील कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वे हमारी समस्याओं को समझेंगे।

दानवीर सिंह भाटी ने कहा कि हम तब तक नहीं हटेंगे, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती। मंगलवार से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। शाम को भूख हड़ताल पर बैठे खिलाड़ियों ने म्यूजियम सर्किल पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया, जिसे स्थानीय नागरिकों, खेल संघों और संस्थाओं का समर्थन मिला। महज कुछ घंटों में हजार से अधिक लोगों ने इस अभियान में भाग लिया। सादुल स्पोर्ट्स स्कूल के छात्रों और प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों की एक लम्बी सूची सार्वजनिक की है, जिसमें खेल सुविधाओं की कमी, प्रशिक्षकों की कमी, छात्रों को मिलने वाली डाइट में कटौती, छात्रावास की खराब स्थिति और स्कूल प्रबंधन में गड़बडियां शामिल हैं। एक खिलाड़ी ने कहा कि हमारा संघर्ष उन सभी बच्चों के लिए है, जो इस स्कूल में आकर खेल में कैरियर बनाने का सपना देखते हैं। लेकिन सरकार और प्रशासन को हमारी कोई परवाह नहीं है।

## आग से सामान जलकर खाक

**नोखा,** (कासं)। जसरासर क्षेत्र के गांव झाडेली में आगजनी से किसान की ढाणी सहित आभूषण और नगदी जलकर खाक हो गए।

जानकारी के अनुसार जसरासर तहसील क्षेत्र के गांव झाड़ेली निवासी तोलाराम जाट गांव की पशिचमी रोही के खेत में ढाणी बनाकर परिवार सहित रहता है। आज सुबह अज्ञात कारणों से ढाणी में आग लग गई। आग की लपटें देखकर पड़ौसी किसान भागकर आए और पानी व मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया। मगर तब तक ढाणी में बना एक झोंपड़ा व एक छपरा जल गया।

घटना की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग और पंचायत राज विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पटवारी राधा चौधरी ने बताया कि तोलाराम जाट के खेत में बने छपरे में अज्ञात कारणों आग लग गई। आग लगने से आटा पिसाई मशीन, पंखा, बर्तन, बिस्तर, 2 लाख नगदी, सोने की ठूंसी, बोरला, आधा किलो चांदी सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

# होटल के स्टाफ क्वार्टर में लगी आग से हड़कम्प

**बीकानेर,** (कासं)। रथखाना क्षेत्र में स्थित एक होटल के स्टाफ क्वार्टर एरिया में आग लग गई। आग की चपेट में कोई नहीं आया लेकिन काफी सामान जलकर राख हो गया।

- **आग की चपेट में कोई नहीं आया लेकिन काफी सामान जलकर राख हो गया**

घटना के बाद तीन दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। फिलहाल आग शांत हो चुकी है और बचे हुए सामान को बाहर निकालने का काम चल रहा है। सदर थाना क्षेत्र के रथखाना क्षेत्र में स्थित होटल राजविलास के स्टाफ क्वार्टर में मंगलवार सुबह आग लग गई थी। आग लगने से होटल व होटल के बाहर हड़कम्प मच गया। समय रहते दमकल कर्मियों और पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन क्वार्टर में रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना के वक्त होटल का स्टाफ कमरे मे मौजूद नहीं था वरना बडी जनहानि भी हो सकती थी। एक के बाद एक करके तीन दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

होटल के पीछे ही बने स्टॉफ क्वार्टर में कई परिवार रहते हैं। आग का धुआं उठने के साथ ही पता चल गया था। ऐसे में वहां रहने वालों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। आग के कारण कमरों में रखा सामान जलकर राख हो गया।

# कलेक्टर को मेयर की जगह प्रशासक लगाया

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान के 49 निकायों का कार्यकाल समाप्त होने पर प्रशासक नियुक्त कर दिए गए हैं।

- **49 निकायों का कार्यकाल समाप्त होने पर प्रशासक नियुक्त किए**

बीकानेर नगर निगम का कार्यकाल भी सोमवार को समाप्त होने के बाद यहां कलेक्टर को मेयर की जगह प्रशासक की जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में निगम मेयर के कामकाज अब मेयर की जगह कलेक्टर को करना होगा। बीकानेर नगर निगम की महापौर सुशीला कंवर अब पूर्व महापौर हो गई। इसके साथ ही पार्षद भी निवर्तमान हो गए हैं।

यहां अब नगर निगम का जिम्मा सीधे कलेक्टर नम्रता वृष्णि के पास रहेगा। दरअसल मेयर का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार ने उन्हें नगर निगम में प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी है। 25 नवम्बर को मेयर का कार्यकाल समाप्त हो गया था। राजस्थान के 49 निकायों में प्रशासक लगाये गए हैं। इन सभी में निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल 25 नवम्बर को पूरा हो गया। इनमें से जहां नगर परिषद है वहां अतिरिक्त कलेक्टर, नगर पालिका में एसडीओ और नगर निगमों में कलेक्टर को प्रशासक लगाया गया है। इनमें बीकानेर सहित अलवर, पाली और भरतपुर नगर निगम है जहां कलेक्टर को प्रशासक बनाया गया है।

## आदित्य को पी.एच.डी.की उपाधि

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के आदित्य सिंह सेंगर को लक्ष्मी निवास मित्तल सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर ने शोध के आधार पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है।

आदित्य ने लक्ष्मी निवास मित्तल सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर में 6 जी और अगली पीढ़ी की दूरसंचार प्रौद्योगिकी के विकास पर शोध कार्य किया है। प्रोफेसर रंजन गंगोपाध्याय और प्रोफेसर सौमित्र देबनाथ के निर्देशन में किए गए इस शोध को काफी महत्वपूर्ण मानते हुए डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। शोध का विषय 'अंडर ले डिवाइस टू डिवाइस नेटवर्क्स : इंटरफेयरनेस मॉडलिंग, रेडियो मैपिंग एवं रीसोर्स ऐलोकेशन' रहा।

# डी.टी.ओ. कार्यालय का ड्राइविंग ट्रैक सिस्टम फैल, बैरंग लौटे

**बीकानेर,** (कासं)। जिला परिवहन कार्यालय की ड्राइविंग लाइसेंस शाखा में तकनीकी खराबी के चलते स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का ट्रैक सिस्टम ठप हो गया।

- **बिना फोटो खिंचवाए और बिना ट्रायल दिए वापस लौटना पड़ा**

इस समस्या के कारण ट्रायल देने आए आवेदकों को देर शाम तक इंतजार करना पड़ा। आखिरकार उन्हें बिना फोटो खिंचवाए और बिना ट्रायल दिए वापस लौटना पड़ा। समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित वे आवेदक रहे जिनके लर्नर लाइसेंस की अंतिम तिथि थी। बड़ी संख्या में आवेदक अपने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए कार्यालय पहुंचे थे। इनमें अधिकांश लोग स्थाई लाइसेंस के लिए ट्रायल देने आये थे। दोपहर बाद ट्रैक सिस्टम में तकनीकी समस्या उत्पन्न हो गई, जिससे ट्रायल प्रक्रिया रूक गई। आवेदकों को पहले बताया गया कि समस्या जल्द सुलझा ली जायेगी लेकिन शाम तक कोई समाधान नहीं हो सका। इस कारण आवेदकों को निराशा हाथ लगी।


बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान शर्मा और एडवोकेट बनवारी लाल सींगड़ ने डीटीओ कार्यालय के प्रमुख अधिकारियों से आग्रह किया कि तकनीकी समस्या को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करवाने की भी मांग की लेकिन समाधान नहीं हुआ। एडवोकेट हनुमान शर्मा ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदकों के लिए सोमवार का दिन बेहद कठिनाई भरा रहा। डीटीओ कार्यालय की इस तकनीकी खामी ने न केवल आवेदकों को परेशान किया।

नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई है। जिन लोगों के लर्निंग लाइसेंस की वैधता समाप्त हो रही थी, उनके लिए यह स्थिति विशेष रूप से निराशाजनक रही। उन्हें अब दोबारा लर्निंग लाइसेंस बनवाना पड़ेगा, जो समय और पैसे दोनों के लिहाज से कठिनाई भरा होगा।

# संविधान एक दस्तावेज नहीं बल्कि देश की आत्मा है जो जीवंत है : मानवी राजवी

**बीकानेर,** (कासं)। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आज संविधान दिवस पर सेमिनार का आयोजन रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसकी शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मानवी राजवी के द्वारा मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मानवी राजवी द्वारा स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान के निर्माण के समय संविधान निर्माताओं ने आजादी के समय की परिस्थितियों के साथ ही भविष्यकालीन परिस्थितियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर




**रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय में संविधान दिवस कार्यक्रम को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मानवी राजवी ने संबोधित किया।**

इसका निर्माण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय पर महिलाओं पर बढ़ते योन शोषण से कैसे बचाव किया जा सकता है और इसके क्या कानूनी प्रावधान है। जिससे ना केवल महिलाएं अपना बचाव कर सकती है बल्कि अन्य महिलाओं को भी किस प्रकार से विधि विद्यार्थी न्याय दिला सकते हैं।

- **प्राचार्य जोशी ने संवैधानिक मूल्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दी**

उन्होंने कहा कि समाज के आर्थिक सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, पिछडे वर्ग किस प्रकार से संवैधानिक प्रावधानों के तहत न्याय दिलाया जा सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने अपने उद्‌बोधन में संवैधानिक मूल्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं ने निसंदेह समाज में अपना योगदान दिया है। इससे हमारा देश महिला सशक्तिकरण की ओर बढ रहा है। लेकिन वास्तवीक महिला सशक्तिकरण के लिये अभी और भी प्रयासों की आवश्यकता है।

## प्रदर्शन कर किसानों ने आमजन की मांगों का ज्ञापन सौंपा

**बीकानेर,**(कासं)। केन्द्रीय श्रमिक संगठनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान पर आज देश के संविधान दिवस के अवसर पर किसानों, मजदूरों सहित आम जनता की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के समक्ष प्रदर्शन कर सौंपा गया।

ज्ञापन में केन्द्र सरकार द्वारा अपनाई जा रही कारपोरेट नीतियों के कारण देश में गहराते आर्थिक संकट को रेखांकित करते हुए मांग की गई है कि देश के आधारभूत क्षेत्र तथा रेलवे, रक्षा, बिजली, संचार, परिवहन, बैंक, बीमा आदि में निजीकरण निगमीकरण और व्यावसायिक नीति की लागू की जा रही नीतियों पर रोक लगाई जाए।

श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने के लिए लाई जा रही चार श्रमिक संहिता पर रोक लगाई जाए। किसानों की कर्ज माफी की जाए, उनकी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का कानून बनाया जाए। बीजाई के समय में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मनरेगा की मजदूरी 600 रूपये की जाकर इस योजना का विस्तार शहरी क्षेत्रों में भी किया जाय। अंधाधुंध भूमि अधिग्रहण बंद किया जाए। समाज के वंचित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हो रही हिंसा पर प्रभावी रोक लगाई जाए महिलाओं पर बढते हमले ओर हिंसा पर लगाम के लिए फास्ट ट्रेक कोर्ट बनाए जाए।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3723 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.11..2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बबीता तित्रा पत्नी स्व. श्री राजेश कुमार निवासी 68 विवेकानंद कॉलोनी, गली नं. 3, नजदीक जसूजा ट्रेडर्स, वार्ड नं. 42, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 78 किला नं. 02 में माप 25 इंटू 50 फीट भू.सं. सी-06, बालाजी इस्टेट श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 5549 दिनांक 9.12.2016 को श्री दर्शन कुमार मित्तल पुत्र श्री छगन लाल मित्तल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती बबीता तित्रा द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 26.9.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती बबीता तित्रा पत्नी स्व. श्री राजेश कुमार निवासी 68 विवेकानंद कॉलोनी, गली नं. 3, नजदीक जसूजा ट्रेडर्स, वार्ड नं. 42, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1038

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर